## सार-समाचार

### महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती पर भव्य आयोजन

**भरतपुर, ( निस )।** महर्षि दयानंद सरस्वती की 201वीं जयंती के पावन अवसर पर जगहीना गेट स्थित महर्षि दयानंद वैदिक साधु आश्रम में सर्व समाज महासभा एवं आर्य वीर दल के संयुक्त तत्वावधान में एक भव्य एवं श्रद्धामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शहरभर से समाजबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. देवेंद्र भारद्वाज एवं गोविंद सिंह के कुशल नेतृत्व में पवित्र यज्ञ के साथ हुआ। आर्य वीरों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत कर दिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल एवं महासचिव अनिल भारद्वाज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन दर्शन, सामाजिक सुधारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया। आर्य उप प्रतिनिधि सभा के प्रधान झमन सिंह आर्य, कोषाध्यक्ष मूलचंद आर्य, महिला आर्य समाज की प्रधान गायत्री देवी एवं वेदवती जी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। संचालन करते हुए डॉ. देवेंद्र भारद्वाज ने ऋषि के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। आश्रम मंत्री सुरेंद्र सोलंकी, गायत्री देवी एवं वेदवती जी ने भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण का सृजन किया। मुख्य वक्ता रामनिवास गुनग्राहक ने अपने ओजस्वी संबोधन में कहा कि महर्षि दयानंद ने कोई नया मत स्थापित नहीं किया, बल्कि वेदों के शाश्वत सत्य को पुनः प्रतिष्ठित करते हुए समाज को जागृत किया। उन्होंने 'वेदों की ओर लौटो' और 'कृण्वन्तो विश्वमार्यम्' के संदेश को आज भी प्रासंगिक बताया।

### स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के दिए निर्देश

**धौलपुर।** संभागीय आयुक्त श्रीमती नलिनी कठौतिया शुक्रवार को धौलपुर दौरे पर रही इस दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं आयुर्वेद चिकित्सालय तसीमो का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी रजिस्टर, दवा भंडार, वार्ड सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का अवलोकन किया निरीक्षण के समय पीएचसी के उपस्थित स्टाफ द्वारा विद्युत आपूर्ति की समस्या से अवगत कराते हुए पृथक ट्रांसफार्मर की आवश्यकता बताई गई। संभागीय आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत संभागीय आयुक्त ने आयुर्वेद चिकित्सालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाइयों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। आयुर्वेद औषधी गुणकारी एवं उपचार में महत्वपूर्ण है। इसलिए इसका प्रचार-प्रसार अधिक से अधिक किया जाना सुनिश्चित करें।

### विराट हिन्दू सम्मेलन को लेकर महिलाओ ने निकाली बाइक रैली

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** विराट हिंदू सम्मेलन के उपलक्ष्य में पहली बार गंगापुर नगर में महिलाओं द्वारा स्कूटी रैली निकाली गई। स्वयंसेवक जितेंद्र ने बताया कि हिंदू विराट सम्मेलन के उपलक्ष्य में 14 फरवरी को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक गोविंदम मैरिज हॉल में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा जिसमें कलश यात्रा दोपहर 12 बजे नगर पालिका से रवाना होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचेगी। महिला प्रमुख अंजना रावत ने बताया कि रैली का प्रस्थान भारत मां की जयकार एवं श्री राम जी की ध्वजा के साथ किया गया। रैली गुलकंदी देवी आदर्श विद्या मंदिर से रवाना होते हुए फव्वारा चौक, पुरानी अनाज मंडी, खारी बाजार, चौपड़ घास मंडी समापन स्थल तक पहुंची। उन्होंने बताया कि रैली का उद्देश्य राष्ट्र में एकता, समरसता, सनातन धर्म एवं पर्यावरण संरक्षण को सुरक्षित रखना है। रैली में महिलाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान तहसील अध्यक्ष सुमन आर्य, अपना घर सेवा समिति की सचिव आरती शर्मा अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता प्रिया डंगायच, रीना शर्मा, नितेश शर्मा, मीनाक्षी खंडेलवाल, रजनी गुप्ता, रानी गुप्ता, सोना गुप्ता, कविता शर्मा, रेनू गुप्ता, प्रियंका गुप्ता, रोमिका गुप्ता, ममता लक्ष्मी गुप्ता, दीप्ति गुप्ता, सरिता, वेद प्रकाश, गोविंद, रविंद्र, अतुल, देवेंद्र अन्य कई सदस्य उपस्थित रहे। आयोजक समिति द्वारा 14 फरवरी को होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन में समस्त महिला पुरुषों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में पधारने का आवाहन किया गया।

### चिकित्सा अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

**धौलपुर( निसं )।** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बनाने हेतु जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारियों की समीक्षा बैठक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मसिंह मीणा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें एनसीडी कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा ने कहा कि एनसीडी कार्यक्रम के अंतर्गत 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के व्यक्तियों की नियमित स्क्रीनिंग, हाइपरटेंशन एवं डायबिटीज रोगियों की पहचान तथा उनका सतत फॉलोअप प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिए कि चिन्हित रोगियों का समयबद्ध उपचार एवं दवा उपलब्धता में किसी प्रकार की शिथिलता न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों का अधिक से अधिक पंजीयन, ई-कार्ड निर्माण तथा समय पर उपचार स्वीकृति सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण एवं निःशुल्क उपचार का लाभ मिल सके। बैठक में उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ चेतराम मीणा ने अधिकारियों ने फील्ड स्तर पर आ रही चुनौतियों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सा अधिकारी समन्वय एवं प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए जिले को स्वास्थ्य संकेतकों में अग्रणी बनाने का प्रयास करें। बैठक के दौरान डीपीओ डॉ. महेंद्र सांखला एवं डीपीसी आयुष्मान डॉ. मोहन पुजारी, दीपक कुमार शर्मा सहित सभी चिकित्सा अधिकारी प्रभारी मौजूद रहे।

### विद्युत विभाग में लगाए गए शिवर में 5,90,000 की राशिकराई गई जमा

**धौलपुर ( निसं )।** जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियंता गोविंद सिंह के आदेशानुसार उपखंड राजाखेड़ा के सहायक अभियंता आनंद तिवारी के निर्देशन में दिनांक 13/2/26 दिन शुक्रवार को 33/11 केवी जीएसएस राजाखेड़ा और33/11 केवी जीएसएस मरैना पर उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए और विभाग के राजस्व वसूली के लिए शिविरों का आयोजन किया गया जिसमें सुबह से ही उपभोक्ताओं का आना शुरू हो गया जो देर शाम तक चलता रहा कैंप में विभाग ने फुर्ती से लोगों की समस्याओं को सुन मौके पर ही समाधान किया गया तथा मौके पर ही लोगों ने बिल सही करवा कर करीब 93 उपभोक्ताओं ने 5.9 लाख रुपए कैश जमा किए।

### भरतपुर में दस दिवसीय संस्कृत सभाषण शिविर सम्पन्न

**भरतपुर ( निस )।** राजकीय आयुर्वेद योग प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को दस दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का आयोजन तुहिया रोड स्थित एकीकृत महाविद्यालय में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में मुख्य अतिथि जयपुर प्रान्त विद्यालय कार्य प्रमुख डा. रमाकांत, मुख्य वक्ता डा. लालाशंकर गयाववाल, जनपद सहमंत्री योगेन्द्र सिंह, डा.आशीष, प्राचार्य डा.यशपाल, राधेलाल उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. यशपाल ने बताया कि दस दिवसीय सरल संस्कृत संभाषण शिविर में मेडिकल महाविद्यालय के छात्रों ने बढचढ कर हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि संस्कृत भारत का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा को पुनर्जीवित कर उसे जन सामान्य की बोलचाल की भाषा बनाना और इसके माध्यम से भारतीय संस्कृति का प्रचार प्रसार करना है। प्राचार्य ने बताया कि यह संगठन 1981 से कार्यरत है और इसका ध्येय वदतु संस्कृतम अर्थात संस्कृत बोलें। उन्होंने बताया कि संस्कृत सीखने वालों के मन से यह डर दूर करना कि संस्कृत एक कठिन भाषा है और उन्हें धाराप्रवाह संस्कृत बोलने में सक्षम बनाना मुख्य उद्देश्य है। इस दस दिवसीय शिविर में बिना व्याकरण रटे सीधे संवाद के द्वारा संस्कृत सिखाना, दैनिक जीवन में प्रयोग होने वाले शब्दों और वाक्यों को सिखाकर आत्मविश्वास बढाने आदि शिविर में सिखाये। इस संभाषण शिविर में मेडिकल के 70 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया।

# जिले के विकास कार्यों की समीक्षा, संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया ने कसी कमर



जिला कलेक्ट्रेट में संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता मे बैठक हुई।

■ अधिकारियों को दिए डेडलाइन के सख्त निर्देश

**धौलपुर( निसं )।** विकास की रफ्तार को नई धार देने और सरकारी योजनाओं के लाभ को अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने के संकल्प के साथ जिला कलेक्ट्रेट सभागार में संभागीय आयुक्त नलिनी कठोतिया की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में आव्हान किया कि शत-प्रतिशत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए अधिकारी आपसी समन्वय की दीवारें तोड़कर एक टीम की तरह कार्य करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार की फ्लेगशिप योजनाएं और बजट घोषणाएं केवल फाइलों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर इनका प्रभाव दिखे, विशेषकर उन वंचित और कमजोर वर्गों के लिए जिन्हें मुख्यधारा में लाने का ध्येय सरकार ने रखा है।

बैठक के दौरान संभागीय आयुक्त ने वर्ष 2024-25 और 2025-26 की बजट घोषणाओं के अंतर्गत चल रहे कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग को सड़कों और भवनों के निर्माण में तेजी लाने, जलदाय विभाग को जल जीवन मिशन के अधूरे कार्यों को जल्द पूरा करने के साथ ही गर्मी के मौसम में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और विद्युत विभाग को जीएसएस परियोजनाओं को समय सीमा में जनहित में समर्पित करने के निर्देश दिए। एक विशेष विजन साझा करते हुए उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि किसी भी परियोजना के प्रस्ताव से पूर्व भूमि के स्वामित्व और एनओसी संबंधी पेचीदगियों को सुलझा लें, ताकि भविष्य में बजट वृद्धि और कानूनी अड़चनों के कारण सरकारी कोष पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। विद्युत व्यवस्था की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने अधीक्षण अभियंता को निर्देश दिए कि ढीले तारों को ठीक कर आपूर्ति सुचारू रखी जाए।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर सीएमएचओ को आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए बीमारियों के प्रति सतर्क रहने और लाडो योजना की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आशा एवं एएनएम की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने जिला रसद अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि खाद्य सुरक्षा सूची के लंबित प्रकरणों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि सीएचसी, पीएचसी पर पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सम्पर्क पोर्टल एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाना सुनिश्चित करें। जनगणना-2027 का प्रशिक्षण बारिकियों के साथ साझा करते हुए दिया जाए। जिससे जनगणना में लगे कार्मिकों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने संभागीय आयुक्त को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जाएगी और राज उन्नित एजेंडे के तहत धौलपुर विकास के नए आयाम छुएगा। बैठक में उपखण्ड अधिकारी धौलपुर कर्मवीर सिंह, प्रशिक्षु भारतीय वन सेवा अधिकारी प्रतीक्षा नानासाहेब काले सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# विजया एकादशी पर बाबा श्याम के दर्शनो के लिए उमडा जन सैलाब

■ श्री कल्याणजी मंदिर में भी बाबा कल्याणजी की भव्य झांकी सजाई गई

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** नहर रोड स्थित कुशालगढ़ के बाबा श्याम मंदिर में शुक्रवार को विजया एकादशी पर धार्मिक आयोजन हुए। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य और आकर्षक शृंगार किया गया, जिसकी मनमोहक झांकी सजाई गई। दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा और मंदिर में पैर रखने तक की जगह नहीं थी।

श्री कल्याणजी मंदिर में भी बाबा कल्याणजी की भव्य झांकी सजाई गई। एकादशी पर्व के चलते सुबह मंदिर परिसर की साफ-सफाई और धुलाई की गई। इसके बाद बाबा श्याम और श्री कल्याणजी महाराज का फूलों से आकर्षक शृंगार किया गया। बाबा श्याम के लिए बाहर से मंगवाए गए केवड़ा, चंपा, रजनीगंधा, मोगरा और विभिन्न प्रकार के गुलाब के फूलों का उपयोग किया गया। बाबा श्याम को नई पोशाक भी धारण कराई गई।

विशेष पूजा अर्चना और आरती की गईः मंदिर में सुबह 4 बजे से ही श्याम प्रेमियों का आना शुरू हो गया था। दिनभर श्रद्धालु बाबा श्याम के दरबार में हाजिरी लगाने के लिए पहुंचते रहे। भक्तों की भारी भीड़ के कारण मंदिर में पैर रखने की जगह नहीं थी। विशेष पूजा अर्चना और आरती भी की गई। श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से बाबा श्याम का भव्य शृंगार करने के साथ-साथ श्याम प्रेमियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई।

श्री कल्याण जी मंदिर और नहर रोड के कुशलगढ़ मंदिर में श्रद्धालुओं ने गोपाल सहस्त्रनाम, श्याम चालीसा आदि के पाठ किए और भजन कीर्तन का आनंद लिया। शाम को बाबा श्याम की विशेष पूजा अर्चना और आरती की गई, जिसमें हजारों भक्तों ने भाग लिया। भक्तों ने परिवार में खुशहाली और सुख-समृद्धि की मनौती मांगी।

### भाजपा कार्यालय पर बाजी शहनाई

**धौलपुर।** धौलपुर के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने एक अनूठी पहल कर सुरक्षा कर्मी की बेटी की शादी धूमधाम से कर विदा कराई, जिला भाजपा कार्यालय धौलपुर पर सेवारत सुरक्षा कर्मी बहादुर सिंह लोधा की बेटी के विवाह की रस्म परंपरा अनुसार सभी कार्यकर्ता बंधुओ ने निभाई, जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं होता कन्या दान करने वाला सौभाग्यशाली होता है जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत के प्रयास से सभी कार्यकर्ताओं ने तन मन धन से सहयोग कर वर वधू को आशीर्वाद दिया एवं बर बधू के वैवाहिक जीवन में काम आने वाली दैनिक वस्तुएं सभी कार्यकर्ताओं ने पूरे मनोयोग से सहयोग कर दी।

# 'युवाओं में अपने पूर्वजों, गांव, राज्य और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना विकसित'

■ भरतपुर की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति और इतिहास को युवा पीढ़ी तक पहुंचाऐं-खर्रा

**भरतपुर ( निस )।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भरतपुर स्थापना दिवस के सात दिवसीय कार्यक्रमों के अंतर्गत आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। सर्वप्रथम उन्होंने महाराजा सूरजमल जयंती के अवसर पर किशोरी महल स्थित महाराजा सूरजमल स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यमंत्री ने कहा कि रियासत काल में यदि किसी रियासत के नागरिकों को अपने राज्य पर सर्वाधिक गर्व करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ, तो उनमें भरतपुर रियासत प्रमुख रही है। उन्होंने कहा कि स्थापना काल से लेकर आजादी तक के इतिहास में चाहे विदेशी आक्रांताओं का दौर रहा हो, चाहे व्यापारी के रूप में आई ईस्ट इंडिया कंपनी का समय हो अथवा 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के बाद ब्रिटिश क्राउन का शासन-हर कालखंड में भरतपुर रियासत अजेय रही और कोई भी आक्रांता इसे पराजित नहीं कर सका उन्होंने कहा कि महाराजा सूरजमल एवं उनकी अर्धांगिनी महारानी किशोरी देवी के कालखंड में भरतपुर ने न केवल युद्धों में विजय प्राप्त की, बल्कि पराजित और शरणार्थियों को आश्रय देकर सेवा एवं मानवता का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इसके पश्चात महाराजा जवाहर सिंह ने दिल्ली पर विजय प्राप्त कर चित्तौड़गढ़ के अष्टधातु द्वार को भरतपुर के लोहागढ़ किले में स्थापित कराया, जो आज भी वीरता का प्रतीक है। राज्यमंत्री ने कहा कि दुर्भाग्यवश स्वतंत्रता के बाद इतिहास लेखन में कई बार धरातलीय सच्चाइयों से भिन्न विवरण प्रस्तुत किए गए। उन्होंने कहा कि भारत एवं भरतपुर की गौरवशाली सभ्यता, संस्कृति और इतिहास को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है। भूतकाल के श्रेष्ठ कार्यों को वर्तमान में आगे बढ़ाते हुए भविष्य के लिए प्रेरणा लेना आवश्यक है, ताकि युवाओं में अपने पूर्वजों, गांव, राज्य और राष्ट्र के प्रति गौरव की भावना विकसित हो सके।

### विद्युत बिलों से सम्बंधित कैंप का आयोजन

**भरतपुर ( निस )।** भरतपुर में बीईएसएल द्वारा 14 फरवरी को विजय नगर हीरादास में मोती पार्षद के घर के पास स्थित अम्बेडकर पार्क में सुबह 10:00 बजे से दोपहर 02:00 बजे तक बीईएसएल, विद्युत विभाग द्वारा एक कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पुराने बकाया बिलों की वजह से कटे पड़े विद्युत् कनेक्शनों को पुनः चालू कराया जा सकता है। साथ ही उपभोक्ता अपने बकाया बिजली बिलों का किश्त करा के या पेनल्टी में रियायत प्राप्त कर एकमुश्त भुगतान कर सकते हैं।

# सीवरेज व अतिक्रमण के चलते जाम में फसे लोगो को हुई परेशानी

■ 3 घंटे तक लगा जाम, पुलिस को करनी पडी मशक्त

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** शुक्रवार को अव्यवस्थित यातायात व्यवस्था के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुरानी चुंगी से उदेई मोड़ होते हुए सैनिक नगर और सालौदा तक लगभग तीन घंटे तक लंबा जाम लगा रहा। सुबह से दोपहर तक लगे इस जाम के कारण वाहन चालकों, यात्रियों और राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शहर में उदेई मोड़ से सैनिक नगर और उदेई मोड़ से सालौदा की ओर चल रहे सीवरेज के कार्य ने यातायात को बुरी तरह प्रभावित किया। सड़क के एक हिस्से में खुदाई और दूसरे हिस्से से एकतरफा आवागमन के कारण वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था न होने से जाम की स्थिति और गंभीर हो गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सीवरेज कार्य लंबे समय से चल रहा है, लेकिन यातायात प्रबंधन पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया जा रहा है। शुक्रवार को एकादशी पर्व के चलते भी हालात बिगड़ गए। बाबा श्याम के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शहर पहुंचने से मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव अचानक बढ़ गया। बाहरी वाहनों और निजी साधनों की अधिक आवाजाही के कारण जाम लंबा खिंचता चला गया। सुबह करीब 10 बजे शुरू हुआ यह जाम दोपहर एक बजे तक बना रहा, जिससे एंबुलेंस, स्कूल बसों और अन्य आवश्यक कार्यों से निकलने वाले लोगों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। जाम में फंसे वाहन चालकों और यात्रियों में प्रशासन के प्रति नाराजगी साफ दिखाई दी।

# त्यागी छात्रावास हमले में मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी की मांग तेज, एसपी को सौंपा ज्ञापन


ब्राह्मण महासभा प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा।

**धौलपुर( निसं )।** त्यागी छात्रावास में हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में अब समाज का आक्रोश खुलकर सामने आ गया है। अखिल भारतीय गालव पूर्व त्यागी ब्राह्मण महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मुख्य षड्यंत्रकारी बताए जा रहे दिनेश त्यागी की अविलंब गिरफ्तारी और निष्पक्ष जांच की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि 29 जनवरी 2026 को दर्ज मामले में अब तक मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होना प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। समाज के प्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि तमाम साक्ष्य उपलब्ध होने के बावजूद पुलिस की कार्रवाई ढुलमुल नजर आ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि घटना के कई दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे समाज में असंतोष बढ़ता जा रहा है। 9 फरवरी 2026 को चितौरा गांव स्थित बाबू महाराज मंदिर में आयोजित महापंचायत में हजारों की संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया। महापंचायत में प्रशासन की कार्यप्रणाली की कड़ी आलोचना की गई और निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। समाज के प्रतिनिधियों का दावा है कि कुछ ऑडियो रिकॉर्डिंग्स, जिनमें -47 चलाने और आज ही मरेगा वो जैसी स्पष्ट धमकियां दर्ज हैं, यह सिद्ध करती हैं कि प्रार्थी विनोद त्यागी पर हुआ हमला एक सोची-समझी साजिश थी।

आरोपी मनोज त्यागी को बिना पूर्ण जाँच के छोड़ देना और मुख्य धारा से ध्यान भटकाना यह दर्शाता है कि जाँच अधिकारी निष्पक्षता से कार्य नहीं कर रहे हैं। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि एक अन्य आरोपी को बिना पूर्ण जांच के छोड़ दिया गया, जिससे जांच की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। समाज ने घोषणा की है कि जांच की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष निगरानी समिति गठित की गई है, जो प्रशासनिक गतिविधियों पर नजर रखेगी। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि मुख्य आरोपी को भारतीय न्याय संहिता की कठोर धाराओं में गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाए और प्रकरण की जांच किसी उच्च स्तरीय अधिकारी को सौंपी जाए। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि उचित न्याय नहीं मिला तो प्रदेशव्यापी लोकतांत्रिक आंदोलन और न्यायालय की शरण ली जाएगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि भरतपुर रेंज के आईजी और जिला कलेक्टर को भी प्रेषित की गई है।

## सार-समाचार

### भरतपुर स्थापना दिवस पर जाट महासभा ने महाराजा सूरजमल को याद किया

**भरतपुर ( निस )।** जिला जाट महासभा के तत्तवाधान में जाट महासभा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष डा0 प्रेम सिंह कुन्तल की अध्यक्षता में भरतपुर स्थापना दिवस मनाया गया। समारोह के मुख्य वक्ता जाट महासभा के प्रदेष उपाध्यक्ष सहाब सिंह चौधरी कहा कि भरतपुर स्थापना दिवस के अवसर पर महाराजा सूरजमल को याद कर हम अपनी विरासत को याद करते है महाराजा सूरजमल ने तत्कालीन विषम परिस्थितियों से जूझते हुए सुदृढ जाट राज्य की स्थापना की थी राजस्थान जाट महासभा के प्रदेष महामंत्री राकेष फौजदार, ने कहा कि भरतपुर एक राज्य नहीं था बल्कि मुगलो, मराठों और राजपूत रजवाडों की सुरक्षा की दीवार था जिसके बिना तत्कालीन इतिहास अधूरा रहता। जिला अध्यक्ष डा0 प्रेम सिंह कुन्तल, ने कहा कि महाराजा सूरजमल के काल को इतिहास में स्थान मिलना चाहिए जिससे कि आज की पीढी को इतिहास की जानकारी हो सके। इस अवसर पर महा मंत्री गोविन्द सिंह भगोर, एडवोकेट नौनिहाल डागुर, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष ईष्वर सिंह बछामदी, सेवर अध्यक्ष सुरेष मदेरणा, कपिल फौजदार, हिमाषु कुन्तल ने भी महाराजा सूरजमल को श्रृदासुमन अर्पित किय। कार्यक्रम का संचालन जाट महासभा के महामंत्री गोविन्द सिंह भगोर ने किया आभार राकेष फौजदार ने दिया।

### निःवर्तमान सभापति ने मानहानि का दावा किया

**गंगापुर सिटी ( निसं )।** निवर्तमान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने सोशल मीडिया पर लगाए गए आरोपों को लेकर दो करोड़ रुपए की मानहानि का दावा किया है। इस संबंध में उनके अधिवक्ता के माध्यम से चूलीगेट निवासी नीरज शर्मा को एक विधिक नोटिस भेजा गया है। यह नोटिस न्यायालय परिसर स्थित अनिल कुमार गुप्ता एडवोकेट के कार्यालय से भेजा गया। नोटिस के अनुसार, नीरज शर्मा द्वारा अपनी फेसबुक आईडी से 23 दिसंबर 2024 को पूर्व सभापति के खिलाफ कथित तौर पर तथ्यहीन और आपत्तिजनक पोस्ट की गई थी। इस पोस्ट में पूर्व सभापति पर भ्रष्टाचार, भूमाफिया गतिविधियों, धार्मिक स्थलों और सरकारी भूमि से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए थे। नोटिस में कहा गया है कि उक्त आरोप बिना किसी दस्तावेजी आधार के लगाए गए, जिससे शिवरतन अग्रवाल की सामाजिक और सार्वजनिक छवि को नुकसान पहुंचा। शिवरतन अग्रवाल निवर्तमान सभापति हैं और समाज में उनकी अच्छी प्रतिष्ठा रही है। सोशल मीडिया पर की गई इस पोस्ट के कारण उनकी सामाजिक और व्यावसायिक छवि धूमिल हुई है, साथ ही उन्हें मानसिक आघात भी पहुंचा है। इसे भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत दंडनीय अपराध बताया गया है। अधिवक्ता के माध्यम से भेजे गए नोटिस में विपक्षी से 15 दिन के भीतर सोशल मीडिया से सभी कथित मानहानिकारक सामग्री हटाने, सार्वजनिक रूप से बिना शर्त माफी मांगने और दो करोड़ रुपये की क्षतिपूर्ति राशि अदा करने की मांग की गई है। साथ ही आरोपों से संबंधित यदि कोई दस्तावेजी प्रमाण हों तो उन्हें प्रस्तुत करने को भी कहा गया है। नोटिस में चेतावनी दी गई है कि निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई नहीं होने पर सक्षम न्यायालय में विधिक कार्रवाई शुरू की जाएगी। इस मामले को लेकर शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### विश्वप्रिय शास्त्री पार्क में लगेगा फूलों का मेला

**भरतपुर ( निस )।** जिला प्रशासन एवं लोहागढ़ विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में हरित बृज सोसायटी द्वारा भरतपुर स्थापना दिवस कार्यक्रमों के अंतर्गत 14 फरवरी से 16 फ़रवरी तक तीन दिवसीय फूलों का विशाल मेला लगाया जा रहा है जिसमें सैकडों प्रजाति के हजारों प्लांट जिसमें दुर्लभ वैरायटी के कैक्टस,बोनसाई ,औषधीय पौधे, फूलों की करीब तीस वैरायटी के हजारों पौधे, सब्जियों के पौधें, तथा दिनांक 14 फरवरी को सायं 6 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं दिनांक 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु कुमार शर्मा ने बताया कि फ्लावर शो का प्रारंभ प्रातः 10 बजे जिला कलेक्टर के मुख्य आतिथ्य एवं महेंद्र सिंह मग्गो की अध्यक्षता में होगा। जिसमें विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर होंगे. महासचिव सतेंद्र यादव ने आमजन से विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का अनुरोध किया। संयोजक विकास मित्तल ने बताया कि इस आयोजन में विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा कार्यशाला आयोजित होंगी. बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी. जिसमें भरतपुर के अधिकांश स्कूलों के बच्चों को आमंत्रित किया गया है. जिसकी प्रभारी डॉ सुनिता पांडे, डॉ संगीता चतुर्वेदी, सीलम सिंह, मीना शर्मा होंगी।

### राजेन्द्र नगर बस्ती का विराट हिन्दू सम्मेलन कल

**भरतपुर ( निस )।** राजेन्द्र नगर बस्ती का हिन्दू सम्मेलन स्थानीय गुरु हरिकिशन पब्लिक स्कूल, राजेन्द्र नगर भरतपुर में दिनांक 15 फरवरी 2026 फाल्गुन कृष्ण पक्ष की विजया चतुर्दशी संवत 2072 शिवरात्रि को स्थानीय शिक्षाविद् आर.एन.शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित किया जायेगा। मुख्य वक्ता के रुप में विचार परिवार से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भरतपुर विभाग के बौद्विक शिक्षण प्रमुख रवि कुमार जी होंगे। कार्यक्रम में महिला उपाध्यक्ष के रुप में प्राचार्य सुनीता जाटव रहेंगी। संत समाज की उपस्थिति में समस्त हिन्दू समाज की उपस्थिति में यह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम का प्रारम्भ 11 कुण्डीय हवन कार्यक्रम सामाजिक समरसता का उदाहरण देते हुए किया जायेगा। सम्मेलन में गुरु हरिकिशन पब्लिक विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जायेगी। शिव टाण्डव स्त्रोत की प्रस्तुति स्थानीय समाज के बन्धु योगेश शर्मा द्वारा दी जायेगी। कार्यक्रम में सन्त समाज द्वारा आर्शीवचन के साथ - साथ विचार परिवार से आये वक्ता द्वारा भविष्य में हिन्दू समाज की दशा एवं दिशा के बारे में परिकल्पना दी जायेगी। वक्ता द्वारा पंच परिवर्तन विषय पर विचार प्रस्तुत किये जायेंगे। कार्यक्रम में समस्त हिन्दू जागरण हेतु सदसाहित्य उपलब्ध रहेगा।

### दंगल चौथ का भव्य आयोजन होगा, एसडीएम सुशीला मीणा ने दिया आश्वासन

**धौलपुर ( निसं )।** राजाखेड़ा नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी सुशीला मीणा से मुलाकात कर राजाखेड़ा के सरकारी क्षेत्र में परंपरागत दंगल चौथ के आयोजन को पूर्ववत स्थल पर कार्य कराने का निवेदन किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि यह ऐतिहासिक दंगल 1947 से पूर्व से लगातार आयोजित होता आ रहा है और यह केवल क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले की पहचान बन चुका है। प्रतिनिधियों ने आग्रह किया कि पूर्व की भांति पहलवानों की रंगत और प्रतियोगिताएं पारंपरिक स्थल खासा बाउंड्री पर ही आयोजित की जाएं तथा पानी और अन्य मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस पर एसडीएम सुशीला मीणा ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए आश्वासन दिया कि निर्धारित समय पर दंगल चौथ का भव्य आयोजन कराया जाएगा और प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएंगी। इससे पूर्व प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी देवेन्द्र तिवारी से भी मुलाकात कर दंगल के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रशासन और दंगल कमेटी की संयुक्त बैठक बुलाकर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

### ग्रामीणों ने एसडीएम को पत्र देकर रास्ता से अतिक्रमण हटाने की मांग

**धौलपुर( निसं )।** राजाखेड़ा उपखंड के गांव हथवारी में बघेल जाति के एक व्यक्ति ने रास्ता में दवा लगा करके उस पर टीन सेट डालकर आज के मन कर रखा है जिसको हटाने के लिए दिनांक 7 जनवरी 26 को एसडीएम राजाखेड़ा को पत्र लिखकर मांग की थी एसडीएम राजाखेड़ा द्वारा विकास अधिकारी राजाखेड़ा को अतिक्रमणहटाने के निर्देश विकास अधिकारी ने ग्राम विकास अधिकारी को अतिक्रमण हटाने बाबत निर्देश दिए जिस पर शासन पंचायत एवं ग्राम विकास के अधिकारी के द्वारा ग्राम पंचायत क्रमांक/2025-26/12-14 दिनांक 9 फरवरी 2026 को अतिक्रमणकारियों को खसरा नंबर 1781 से रास्ते से अतिक्रमण हटाने बाबत निर्देशित किया लेकिन आज तक दबंग व्यक्ति के द्वारा रास्ते की जमीन से अधिगम में नहीं हटाया गया है ग्रामीणों ने तुरंत रास्ते से अटकन हटाने की मांग की है। अतिक्रमणकारी महेंद्र सिंह पुत्र विपती राम जाति बघेल निवासी हथवारी को दिनांक 7 मार्च 2017 को नोटिस दिया।